# विराट बोले- मुझे टी-20 प्रमोशन के लिए इस्तेमाल करते हैं : पर मुझमें काफी खेल बाकी; अचीवमेंट नहीं, टीम की जीत के लिए खेलता हूं

**पंजाब किंग्स से मैच जीतने के बाद बेंगलुरु के ओपनर विराट कोहली ने कहा कि उनमें काफी टी-20 क्रिकेट बाकी है। कोहली ने कहा कि उनके नाम का इस्तेमाल टी-20 क्रिकेट को प्रमोट करने के लिए किया जा रहा है, लेकिन उनमें काफी खेल बाकी है। वह अब आंकड़े और अचीवमेंट्स नहीं, टीम की जीत के लिए खेल रहे हैं। पंजाब के खिलाफ विराट ने 77 रन की पारी खेली और टीम को 177 रन का टारगेट चेज करवाया। कोहली प्लेयर ऑफ द मैच रहे और ऑरेंज कैप भी हासिल की।**

### फैंस से बोले- सिर्फ दो मैच हुए, ओवर एक्साइटेड ना हों

विराट ने मैच के बाद इंटरव्यू में कहा, ओवरएक्साइटेड न होना, अभी बस 2 ही मैच हुए हैं। लोग स्टैट्स और अचीवमेंट्स की बातें करते हैं, लेकिन आखिर में यादें ही बाकी रह जाती हैं। राहुल (द्रविड़) भाई भी कहते हैं, जब आप क्रिकेट की फील्ड पर उतरते हैं तो दिल खोलकर खेलते हैं। फैंस के सामने और फ्रेंड्स के साथ जब आप दिल खोलकर खेलते हैं तो आप अच्छी यादें बनाते हैं, इन्हें आप करियर खत्म होने के बाद भी याद करना चाहते हैं। फैंस का प्यार, ये रिश्ते और टीम का सपोर्ट सालों से मुझे मिल रहा है और मैं इसके लिए शुक्रगुजार हूं।

### विकेट गिरने पर कंडीशन को समझना जरूरी

कोहली ने कहा, मैं ओपनिंग कर रहा हूं और ओपनर के रूप में टीम को अच्छा स्टार्ट दिलाना मेरी जिम्मेदारी है, लेकिन लगातार विकेट गिरेंगे तो आपको कंडीशन भी समझना जरूरी है। आप खराब शॉट खेलकर आउट नहीं हो सकते। पिच बैटिंग के लिए उतनी भी अच्छी नहीं थी, यहां रन बनाना मुश्किल था, तब मैंने समझा कि यहां क्रिकेटिंग शॉट्स खेलकर ही रन बनाए जा सकते हैं।

मुझे बस दूसरे एंड से थोड़ा साथ चाहिए था, जो मिला नहीं। ग्रीन, मैक्सवेल और अनुज मेरे सामने लगातार आउट हो गए, तब मुझ पर जिम्मेदारी भी बढ़ गई। निराश था कि गेम फिनिश नहीं कर सका, गेंद मेरे पाले में थी और उसे बाउंड्री के बाहर जाना चाहिए था, लेकिन डीप पॉइंट पर कैच हो गया। फिर भी 2 महीने बाद क्रिकेट खेलना और टीम की जीत में कॉन्ट्रिब्यूट कर पाना, मेरे लिए इतना भी बुरा नहीं रहा।

### नाम प्रमोशन के साथ जुड़ा, लेकिन मुझमें टी-20 बाकी है

विराट ने कहा, मैं जानता हूं कि दुनिया में मेरा नाम अब टी-20 क्रिकेट को प्रमोट करने के लिए जोड़ा जाने लगा है, लेकिन मुझे लगता है कि मेरा खेल अब भी बाकी है। मैं अब भी मैच जिता सकता हूं।

मैं कवर ड्राइव को गैप में अच्छे से खेलता हूं, लेकिन रबाडा और अर्शदीप मुझे आसानी से इस शॉट को खेलने नहीं देंगे। इनके सामने बाउंड्री ढूंढनी पड़ती है, इसलिए आगे निकलकर इनसाइड आउट शॉट खेलना बेहतर ऑप्शन है।



### पिछले 2 महीने नॉर्मल महसूस किया

विराट से पूछा गया कि क्रिकेट से दूर फैमिली के साथ पिछले 2 महीनों के बारे में आप क्या कहना चाहेंगे। इस पर कोहली ने कहा, हम देश में नहीं थे, हम ऐसी जगह थे, जहां लोग हमें पहचानते नहीं थे। परिवार के साथ मैंने उस वक्त को दिल खोलकर जिया, हम आम आदमी की तरह सड़कों पर घूम रहे थे। 2 महीने तक मैंने नॉर्मल महसूस किया। परिवार के रूप में यह अनुभव अच्छा रहा। परिवार के साथ, 2 बच्चों के साथ चीजें पूरी तरह से बदल जाती हैं। अपने बड़े बच्चे के साथ आपके कनेक्शन अलग रहते हैं। मैं भगवान का शुक्रगुजार हूं कि अपने परिवार के साथ 2 महीने का समय भी अच्छे से बिता सका।

### 2 महीने में फैंस का शोर भूल गया था

विराट ने आगे कहा, ब्रेक के बाद जब घर लौटा और मैदान पर उतरा तो फैंस के शोर से चौंक गया। पिछले 2 महीने की शांति में इस आदत को मैं पूरी तरह से भूलने लगा था, लेकिन वापस लौटा तो समझा यह अनुभव भी जीवन का अहम हिस्सा है।

### ऑरेंज कैप के लिए नहीं खेल रहा

हर्षा भोगले ने विराट को टूर्नामेंट का टॉप रन स्कोरर बनने के लिए ऑरेंज कैप दी। साथ ही कहा कि इस कैप को पहने रखिएगा, आप पर अच्छी लगती है। इस पर विराट बोले, मैं अब कैप, अचीवमेंट और आंकड़ों के लिए नहीं खेल रहा। मेरे लिए यह एक मौका है कि आरसीबी और फिर टीम इंडिया के लिए बेहतर से बेहतर परफॉर्म करूं। मैं फैंस को भी बस यही वादा करूंगा कि आने वाले समय में भी इसी तरह परफॉर्म करना जारी रखूंगा।

### कोहली ने लगाई मैच विनिंग फिफ्टी

सोमवार को आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हराया। इस जीत में विराट कोहली ने 49 बॉल पर 77 रन बनाए। वह एक समय 16 ही बॉल पर 32 रन बना चुके थे, लेकिन उनके सामने 4 बैटर्स आउट हो गए। उन्होंने यहां संभलकर बैटिंग की और फिफ्टी लगाकर टीम को जीत के करीब पहुंचाया। विराट मैच खत्म करने से पहले आउट हो गए और उनके विकेट के बाद टीम को 47 रन और चाहिए थे। यहां दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर ने 48 रन की पार्टनरशिप की और टीम को मैच जिता दिया। विराट के 2 मैचों में 98 रन हो गए हैं और इसी के साथ वह 17वें सीजन के टॉप रन स्कोरर भी बन गए।

### विराट ने लिया था क्रिकेट से 2 महीने का ब्रेक

विराट इस साल जनवरी, फरवरी और मार्च के बीच 2 महीनों तक क्रिकेट से दूर रहे। वह अपने दूसरे बच्चे के जन्म के लिए पत्नी और परिवार के साथ विदेश गए थे। 15 फरवरी को उनके बेटे अकाय का जन्म हुआ, जिसके बारे में विराट ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी। इस दौरान वह इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज नहीं खेल सके, जिसे भारत ने रोहित शर्मा की कप्तानी में 4-1 से जीता।

विराट ने आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच से वापसी की। इसमें वह 20 बॉल पर 21 रन ही बना सके, जिस कारण टीम को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन दूसरे मैच में जीत के साथ आरसीबी ने 17वें सीजन में 2 अहम पॉइंट्स हासिल कर लिए।



# विराट टी-20 में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय

## आईपीएल में 50 से ज्यादा हाफ सेंचुरी लगाने वाले दूसरे बैटर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल-2024 के छठे मुकाबले में पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हराया। पंजाब ने 20 ओवर में 176 रन बनाए। बेंगलुरु ने 20वें ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। विराट कोहली प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने टूर्नामेंट में अपना 51वां अर्धशतक जमाया। वे आईपीएल में 50 से ज्यादा अर्धशतक लगाने वाले दूसरे बैटर और पहले भारतीय बने। विराट टी-20 में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय भी बन गए। उन्होंने सुरेश रैना को पीछे किया।

### आरसीबी बनाम पंजाब मैच के टॉप रिकॉर्ड्स...

### 1. विराट के आईपीएल में 51 अर्धशतक

विराट कोहली ने पंजाब किंग्स के खिलाफ अपना 51वां अर्धशतक जमाया। वे 50 से ज्यादा फिफ्टी जमाने के रिकॉर्ड में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। उनसे ज्यादा 61 फिफ्टी ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर ने लगाई हैं। भारतीयों में विराट टॉप पर हैं, उनके बाद शिखर धवन ने 50 अर्धशतक लगाए हैं।

### 2. विराट टी-20 क्रिकेट में 100 बार 50+ स्कोर बनाने वाले पहले भारतीय

विराट कोहली के ओवर टी-20 क्रिकेट में 100 बार फिफ्टी प्लस स्कोर हो गए। वे ऐसा करने वाले भारत के पहले और दुनिया के तीसरे बैटर बने। दुनिया में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है। गेल ने 455 इनिंग्स में 110 बार 50+ स्कोर बनाया है। दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया के डेविड वॉर्नर हैं। टी-20 क्रिकेट में इंटरनेशल, डोमेस्टिक और लीग क्रिकेट तीनों शामिल हैं। 50+ स्कोर में सेंचुरी भी शामिल होती है। अगर स्कोर 99 रन है तो वह अर्धशतक और 50+ स्कोर है। लेकिन अगर स्कोर 101 रन है, तो वह शतक में गिना जाएगा, लेकिन 50+ स्कोर भी कहलाएगा।

### 3. टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय बने विराट

विराट कोहली टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने वाले भारतीय प्लेयर बन गए। उन्होंने पंजाब के खिलाफ एक कैच लेने के साथ ही 173 कैच पूरे कर लिए। उनसे पहले यह रिकॉर्ड सुरेश रैना के नाम था। रैना ने 377 मैचों में 172 कैच लिए हैं। हालांकि, टी-20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा कैच लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड कीरोन पोलार्ड के नाम है। पोलार्ड ने 660 मैचों में 362 कैच लिए हैं। विराट इस रिकॉर्ड में 15वें नंबर पर आते हैं। पहले नंबर पर पोलार्ड, दूसरे पर डेविड मिलर और तीसरे पर ड्वेन ब्रावो का नाम है।

### 4. हरप्रीत बरार का चिन्नास्वामी स्टेडियम में दूसरा सबसे किफायती स्पैल

पंजाब के स्पिनर हरप्रीत बरार ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में दूसरा सबसे किफायती स्पैल फेंका। किफायती स्पैल 4 ओवर में सबसे कम रन देने के लिहाज से रहा। बरार ने 4 ओवर में 2 विकेट लिए और महज 13 रन दिए। बेंगलुरु के मैदान पर सबसे किफायती स्पैल सैमुअल बद्री ने फेंका था। बद्री ने 2017 में 9 रन देकर 4 विकेट लिए थे।

### 5. आईपीएल 2022 से डेथ ओवर में दिनेश कार्तिक दूसरे टॉप स्कोरर

आईपीएल 2022 से लेकर अब तक रन बनाने के मामले में दिनेश कार्तिक दूसरे नंबर पर आ गए हैं। 2022 से लेकर अब तक कार्तिक कुल 372 रन बना चुके हैं। लिस्ट में पहले नंबर पर शिमरोन हेटमायर हैं। उन्होंने 383 रन बनाए हैं।

### 6. अनुज रावत ने एक इनिंग में आरसीबी के लिए सबसे ज्यादा कैच लिए

आरसीबी के विकेटकीपर अनुज रावत ने सोमवार को विकेटकीपिंग करते हुए कुल 4 कैच लपके। एक इनिंग में आरसीबी के लिए 3 से ज्यादा कैच किसी ने नहीं लिए थे।

# मैदान में घुसा फैन, कोहली के पैर छुए : कार्तिक ने चौका लगाकर मैच जिताया, रावत ने पकड़ा एक हाथ से कैच

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल-2024 के छठे मुकाबले में पंजाब किंग्स को 4 विकेट से हराया। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सोमवार को पंजाब ने 176 रन बनाए। बेंगलुरु ने 4 गेंद बाकी रहते 6 विकेट गंवाकर मैच जीत लिया। मैच के दौरान एक फैन स्टेडियम के अंदर घुस आया और विराट कोहली के पैर पकड़ने लगा। दिनेश कार्तिक ने 10 बॉल पर 28 रन बनाए और चौका लगाकर टीम को मैच जिता दिया। वहीं आरसीबी के विकेटकीपर अनुज रावत ने जम्प लगाकर एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया।**

## आरसीबी बनाम पंजाब के टॉप मोमेंट्स....

### 1. प्रभसिमरन सिंह ने हेलिकॉप्टर शॉट खेला

प्रभसिमरन सिंह ने पंजाब किंग्स के लिए 25 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में दो छक्के लगाए, जिनमें एक हेलीकॉप्टर शॉट भी रहा। 7वें ओवर की चौथी गेंद पर कैमरन ग्रीन ने मिडिल स्टंप लाइन पर फुलर लेंथ बॉल फेंकी। प्रभसिमरन खड़े रहे और गेंद को उसी तरह फ्लिक किया जैसे एमएस धोनी हेलीकॉप्टर शॉट खेलने के दौरान करते हैं। गेंद प्रभसिमरन के बल्ले से लगकर छक्के के लिए चली गई।

### 2. रावत ने पकड़ा एक हाथ से कैच

सैम करन ने 23 के निजी स्कोर पर अपना विकेट गंवा दिया, यश दयाल की तेज बाउंसर पर अनुज रावत ने स्टंप के पीछे एक हाथ से उनका शानदार कैच लपका। पंजाब की इनिंग्स के 18वें ओवर की 5वीं गेंद पर सैम करन बड़ा शॉट खेलना चाह रहे थे, क्योंकि पंजाब को एक मजबूत फिनिश की जरूरत थी। यश दयाल ने बाउंसर फेंकी, करन इस पर हुक शॉट खेलने की कोशिश की। लेकिन गेंद बैट के किनारे से लगकर विकेटकीपर की ओर चली गई। यहां कीपर अनुज रावत ने जम्प किया और एक हाथ से बेहतरीन कैच पकड़ लिया।

### 3. बेयरस्टो ने दिया कोहली को जीवनदान

आरसीबी की इनिंग की दूसरी बॉल पर ही विराट कोहली को जीवनदान मिल गया। जॉनी बेयरस्टो से उनका कैच छूट गया। कोहली ने आरसीबी के लिए ओपन करते हुए डॉट के साथ पारी की शुरुआत की, अगली ही गेंद पर उनके ड्राइव करने पर गेंद स्लिप में गई। वाइड-स्लिप पर तैनात जॉनी बेयरस्टो के पास बॉल आई। बेयरस्टो से एक्शन लेने देरी हो गई और बॉल उनकी हथेलियों से होकर बाउंड्री के पार चली गई। कोहली ने पीबीकेएस को गलती का भुगतान करने के लिए मजबूर किया क्योंकि उन्होंने कैच छूटने के बाद करन के ओवर से 3 चौके बटोर लिए। विराट को दूसरा जीवनदान छठे ओवर में मिला, सैम करन की बॉल पर कोहली के बल्ले से लगकर बॉल मिडविकेट की ओर गई। वहां खड़े राहुल चहर ने डाइव लगाकर बॉल को एक हाथ से कैच करने की कोशिश की, लेकिन बॉल की स्पीड ज्यादा होने के कारण कैच पूरा नहीं हो सका। .

### 4. स्टेडियम में घुसा फैन, कोहली के पैर छुए

मैच के दौरान एक यंग फैन विराट कोहली से मिलने के लिए सिक्योरिटी को चकमा देकर पिच पर आ गया। घटना तब हुई जब रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने दूसरी पारी में रन-चेज शुरू किया और विराट कोहली स्ट्राइक ले रहे थे। इस दौरान ही एक फैन पिच पर कोहली के पास आया और उनके पैर छूने के बाद उन्हें गले लगा लिया। हालांकि, इस दौरान सुरक्षाकर्मी उस फैन की ओर दौड़े और उसे तुरंत मैदान से बाहर ले गए।



### 5. कार्तिक ने चौका लगाकर मैच जिताया

मैच के आखिरी ओवर में दिनेश कार्तिक ने चौका लगाकर मैच जिता दिया। आखिरी ओवर में आरसीबी को जीत के लिए एक ओवर में 10 रन की जरूरत थी। अर्शदीप सिंह ओवर फेंकने आए। ओवर की पहली बॉल पर दिनेश कार्तिक ने सिक्स लगा दिया। इसके बाद 4 रन की जरूरत थी। एक वाइड हो गई। आखिरी 5 गेंदों पर 3 रन की जरूरत थी। दिनेश कार्तिक ने यहां आगे की बॉल पर सामने की ओर शॉट खेला और चौका लगाकर मैच जिता दिया।

# भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा पर्थ टेस्ट से शुरू होगा

## पहला टेस्ट 22 नवंबर से, 7 जनवरी तक चलेगी सीरीज; आखिरी मैच सिडनी में

टीम इंडिया का ऑस्ट्रेलिया दौरा का शेड्यूल मंगलवार को जारी कर दिया। टीम 5 टेस्ट खेलेगी। पहला मुकाबला 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। सीरीज का आखिरी मैच 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होगा। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 साल से कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी। टीम ने कंगारुओं को उन्हीं के घर में 2 बार और अपने घर में भी 2 बार हराया है। हर बार जीत का अंतर 2-1 से भारत के पक्ष में रहा।




### गाबा में इस बार होगा तीसरा टेस्ट

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने मंगलवार को 2024-25 सीजन का शेड्यूल जारी किया। 22 नवंबर को पर्थ में पहला टेस्ट होगा। इसके बाद 6 दिसंबर से एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट खेला जाएगा। फिर ब्रिसबेन के द गाबा मैदान पर 14 दिसंबर से तीसरा टेस्ट और मेलबर्न में 26 दिसंबर से चौथा टेस्ट होगा। आखिरी टेस्ट 3 जनवरी 2025 से सिडनी में खेला जाएगा। भारत के अलावा पाकिस्तान टीम भी 3 वनडे और 3 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी।

### डब्ल्यूटीसी 2023-25 साइकल में भारत की आखिरी अवे सीरीज

डब्ल्यूटीसी के एक सीजन में हर टीम को 2 साल के टाइम पीरियड में 6 सीरीज खेलनी होती हैं, तीन अपने घर में और तीन घर के बाहर। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 साइकल में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही आखिरी अवे (घर से बाहर) सीरीज खेलेगी। भारत ने विदेश में साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज का दौरा किया। साउथ अफ्रीका में 2 टेस्ट की सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज भारत ने 1-0 से जीती। भारत को अब घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 और बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। घर में पिछली 17 सीरीज जीत चुकी टीम इंडिया इन सीरीज को जीतने की भी प्रबल दावेदार है। टीम इंडिया ने इस डब्ल्यूटीसी की एकमात्र होम सीरीज इंग्लैंड के खिलाफ 4-1 से जीती।

### भारत ने डब्ल्यूटीसी के 9 में से 6 मैच जीते

टीम इंडिया अब तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकल में 3 में से 2 सीरीज जीत चुकी है। टीम ने अब तक कुल 9 मुकाबले खेले, 6 में जीत मिली और महज 2 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। वेस्टइंडीज के खिलाफ एक मुकाबला ड्रॉ भी रहा। टीम इंडिया के 3 सीरीज से डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में 68.51% पॉइंट्स हो गए, टीम पहले नंबर पर है।

### ऑस्ट्रेलिया डिफेंडिंग चैंपियन, न्यूजीलैंड ने जीता पहला खिताब

टीम इंडिया ने अब तक दोनों डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह बनाई लेकिन दोनों बार टीम को हार का सामना करना पड़ा। 2021 में न्यूजीलैंड ने 8 विकेट से फाइनल जीता। जबकि 2023 में ऑस्ट्रेलिया ने 209 रन से फाइनल जीता। अब जून 2025 में एक बार फिर ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच ही डब्ल्यूटीसी का फाइनल हो सकता है। क्योंकि दोनों टीमें पॉइंट्स टेबल के टॉप-2 पोजिशन पर है।

# सुनील छेत्री के 150वें मैच में भारत का लक्ष्य गोल करना होगा



पिछले कुछ समय से गोल करने में नाकाम रही भारतीय फुटबॉल टीम फीफा विश्व कप 2026 के क्वॉलीफायर मैच में मंगलवार को यहां अफगानिस्तान के खिलाफ जीत दर्ज करके अपने करिश्माई कप्तान सुनील छेत्री के 150वें अंतरराष्ट्रीय मैच को यादगार बनाने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम ने अफगानिस्तान के खिलाफ 22 मार्च को सऊदी अरब के आभा में मैच गोल रहित ड्रॉ खेला था। इस तरह से भारतीय टीम का पिछले कुछ समय से गोल करने का संघर्ष जारी रहा। भारत ने अपना आखिरी गोल नवंबर 2023 में कुवैत के खिलाफ किया था। इस पृष्ठभूमि में भारत के लिए हम महत्वपूर्ण होगा कि अपना 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे छेत्री गोल करके अपने लिए इस मैच को यादगार बनाएं। छेत्री ने 2005 में अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में पदार्पण किया था। वह अभी तक 149 मैच में 93 गोल कर चुके हैं। उनकी मौजूदगी में भारत ने 11 ट्रॉफी जीती हैं और अब टीम को उनसे एक और गोल करने की उम्मीद होगी। भारत अगर यह मैच जीत जाता है तो उसकी विश्व कप क्वालीफिकेशन के तीसरे दौर में पहुंचने की संभावना बढ़ जाएगी। भारत अभी तक कभी तीसरे दौर में जगह नहीं बना पाया है। छेत्री हमेशा गोल करने की ताक में रहते हैं लेकिन अगर भारत को तीसरे दौर में पहुंचने की उम्मीदों को जीवंत रखना है तो केवल उन्हीं पर निर्भर रहना उचित नहीं होगा। भारतीय कोच इगोर स्टिमक की प्राथमिकता विश्व कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में पहुंचना और एएफसी एशिया कप के लिए सीधे क्वालीफाई करना है। इसे हासिल करने के लिए भारतीय अग्रिम पंक्ति को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। भारत अभी ग्रुप ए में तीन मैच में चार अंक लेकर दूसरे स्थान पर है।